खून से लिखे पत्रों के जरिए उठी बुंदेलखंड राज्य की मांग

सेवढ़ा में निकली जनप्रतिनिधि धिक्कार यात्रा

नवभारत न्यूज

सेंवढ़ा, 14 मई। बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर सेंवढ़ा में बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा द्वारा जनप्रतिनिधि धिक्कार यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता बस स्टैंड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास एकत्रित हुए, जहां कार्यकर्ताओं ने इंजेक्शन के माध्यम से रक्त निकालकर प्रधानमंत्री, दतिया-भिंड सांसद एवं क्षेत्रीय विधायकों के नाम खून से हस्ताक्षरित पत्र जारी किए।

मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय बुंदेलखंड के विकास और अलग राज्य की बात करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही इस मुद्दे को भुला देते हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब अपने हक और पहचान के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार है। कार्यक्रम का संचालन अशोक सक्सेना ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बुंदेलखंड की उपेक्षा अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र के युवाओं को आंदोलन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गांव-गांव तक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र में वर्ष 2014 में बुंदेलखंड राज्य निर्माण को लेकर किए गए वादे का उल्लेख करते हुए उसे पूरा करने की मांग की गई।

वहीं सांसदों और विधायकों के नाम लिखे पत्रों में बुंदेलखंड की आवाज बुलंद नहीं करने पर जनप्रतिनिधियों की आलोचना की गई।

सनकुआं में नहाते समय युवक की मौत

सेंवढ़ा, 14 मई। सनकुआं धाम पर नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही आपदा चौकी की टीम ने तत्काल रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन युवक की जान नहीं बच सकी। मृतक दीपक कुशवाह पुत्र रामलखन कुशवाह निवासी तला मोहल्ला मछंड, तहसील मिहोना जिला भिंड अपने चार दोस्तों के साथ सेंवढ़ा आया था। बताया गया है कि उसके दोस्त राहुल के हाथ में फ्रैक्चर था, जिसका इलाज कराने वे आए थे। उपचार नहीं मिलने पर वे मौ से दवाई लेकर लौट रहे थे।

इसी दौरान सभी सनकुआं धाम पहुंचे और छोटे पुल के पास नदी में स्नान करने उतर गए। आपदा चौकी प्रभारी रामप्रकाश यादव ने बताया कि नहाते समय दीपक गहरे पानी में चला गया। सूचना पर टीम ने गोताखोर एवं ट्यूब की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

प्राचीन पांडुलिपियों और पेंटिग्स अब होंगी संरक्षित

नवभारत न्यूज

दतिया, 14 मई। आयुक्त पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल मदन कुमार नागरगोजे के निर्देशन में प्रदेश की प्राचीन समृद्ध संस्कृति एवं इतिहास को प्रकाश में लाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर दतिया स्वप्निल वानखड़े से चर्चानुसार दतिया स्थित संग्रहालय में संग्रहित प्राचीन चित्रों के संरक्षण हेतु विभागीय दल जिसमें ज्ञान भारतम् मिशन के नोडल अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी अभिलेखागार संभाग एवं उपसंचालक उत्तरी क्षेत्र ग्वालियर पी.सी. महोबिया, डॉ. वसीम खान, पुरातत्वविद् साहू, सेवानिवृत्त गाइड अजय पाबिया, सपन एवं मुकेश गाडगे द्वारा 8 मई को दतिया जिले में लोकेन्द्र सिंह गुर्जर नगर के पास संग्रहित 32 दुर्लभ पांडुलिपियों की जानकारी एप पर अपलोड की गई। लगभग 150 वर्ष से अधिक पुरानी इन पांडुलिपियों में भगवान श्रीराम से संबंधित एवं अन्य दुर्लभ धार्मिक ग्रन्थ सम्मिलित हैं।

विभागीय दल द्वारा 9 मई को दतिया किले में दतिया राजपरिवार के कु. घनश्याम सिंह जूदेव एवं महाराज श्रीमंत अरुणादित्य सिंह जूदेव के पास संग्रहित 525 दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन किया गया एवं इसकी जानकारी एप पर अपलोड भी की गई। राज परिवार के पास संग्रहित इन पांडुलिपियों में अतिदुर्लभ पांडुलिपियों में पद्म पुराणए दांतों की चिकित्सा से संबंधित पांडुलिपि राजा विक्रमादित्य पर आधारित दामोदर कृत हस्तलिखित सिंहासन बतीसीए राग गायन पर आधारितए कृष्ण लीला से संबंधित पांडुलिपियों के साथ ही आयुर्वेदिक, साहित्यिक और अनेक धार्मिक पांडुलिपियों का अवलोकन किया गयाए जो राज परिवार के पास आज भी सुरक्षित है। विभागीय दल द्वारा दतिया संग्रहालय की पांडुलिपियों के साथ ही प्राचीन पेंटिंग्स का भी गहन सूक्ष्म अध्ययन किया गया। इन पेंटिंग्स में महारानी लक्ष्मी बाईए जयाजीराव सिंधिया महाराजा भवानी सिंह एवं महाराज दलपत शाह की अतिविशिष्ट पेंटिंग्स को कंजर्वेशन की आवश्यकता होने से भोपाल अभिलेखागार लाया गया है।

प्राप्त पेंटिंग्स में महारानी लक्ष्मी बाई की पेंटिंग लगभग 1853 में निर्मित है। जिसमें प्राकृतिक रंगों में स्वर्ण मिश्रित रंग का प्रयोग बारीक कारीगरी से युक्त है। इस पेंटिंग का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त है। डॉ. वसीम खान पुरातत्वविद् द्वारा बताया गया है कि रानी के पीछे आंशिक रूप से दिखाई देने वाली टोपी उनके दत्तक पुत्र की है। संभवत: ये पेंटिंग महारानी लक्ष्मीबाई के पुत्र दामोदरराव के गोद लेने के उत्सव के दौरान की है। यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत देश भर के मंदिरों, मठों, मस्जिदों, विद्यालयों, पुस्तकालयों एवं निजी संग्राहकों के पास संग्रहित प्राचीन ज्ञान जैसे इतिहास, विज्ञान, गणित और आयुर्वेद को खोजकर सुरक्षित किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत 16 जून तक प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड किया जा रहा है। भावी पीढ़ी को इन ऐतिहासिक साक्ष्यों से परिचय करवाने हेतु इन पेंटिंग का कंजर्वेशन एवं डिजिटाइजेशन कार्य किया जावेगा।

सिविल अस्पताल में डॉ. शर्मा का किया सम्मान

सेंवढ़ा, 14 मई। स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाना सदैव से मेरी प्राथमिकता है। अस्पतालों में मरीजों को समय पर उपचार, दवाइयों की उपलब्धता और बेहतर सुविधाएं दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। विशेष रूप से ग्रामीण एवं जरूरतमंद मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है।

आने वाले समय में स्वास्थ्य शिविरों, जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं बेहतर समन्वय के माध्यम से सेवाओं को और प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा।ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रामेश्वर शर्मा ने यह बात सिविल अस्पताल सेंवढ़ा में आयोजित स्वागत और सम्मान समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सकों, अस्पताल स्टाफएवं शुभचिंतकों ने रामेश्वर शर्मा को राजपत्रित चिकित्सा अधिकारी बनाए जाने पर किया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में पूरे समय आत्मीयता और सम्मान का वातावरण बना रहा।

मार्शल आर्ट खेल नहीं जीवन पद्धति

आप सिर्फ खिलाड़ी नहीं समाज के रक्षक हैं : सिंह

नवभारत न्यूज

दतिया, 14 मई। बजरंग मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में पदक लेकर लौटे प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता माधवेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि अनुशासन लग्न व दमदार प्रदर्शन कर मैडल जीतकर आना। यह दतिया वासियों के लिए गौरवान्वित करने वाला है।

उन्होंने कहा कि आप सिर्फखिलाड़ी नहीं समाज के रक्षक हैं खासकर हमारी बेटियां जब मार्शल आर्ट्स सीखती हैं तो पूरा शहर सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट खेल नहीं जीवन पद्धति है कराटे में पहला शब्द होता है रे यानी सम्मान आपने प्रतिद्वंदी को हराया पर मेट से उतरते ही झुककर प्रणाम किया यही भारत है यही मार्शल आर्ट है यहां पंच जीत के लिए नहीं आत्मरक्षा आत्मविश्वास के लिए चलता है आज जो बेटियां पदक लेकर आई हैं वो पूरे समाज को संदेश दे रही हैं कि हम कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा कि ये आखिरी पड़ाव नहीं पहली सीढ़ी है। आपका यह जुनून ही आपको चैंपियन बनाएगा।

उन्होंने मार्शल आर्ट के कोच अभिषेक राजपूत एवं उनकी टीम को बधाई दी और कहा कि उनका अनुशासन और नियमितता आपको बहुत आगे ले जाएगी। अविनाश ग्राम बडेरा ने स्वर्ण पदक हासिल किया व प्रथम बाल्मीकि ने रजत व श्यामसुंदर ने कांस्य पदक हासिल कर दतिया का गौरव बढ़ाया सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी शुभकामनाएं दीं।

सच्ची भक्ति भक्त के जीवन के दुख दूर कर देती है : बुधौलिया

सेंवढ़ा, 14 मई। सेंवढ़ा-बेरछा मार्ग पर बिसौर की ओर स्थित प्रसिद्ध आस्था केंद्र श्री सिद्ध प्रेतराज केमर सरकार मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसर में चल रही कथा के सातवें दिवस भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर कथा श्रवण किया। कथा व्यास रमाकांत बुधौलिया ने सुदामा चरित का मार्मिक वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति और निष्कपट प्रेम से भगवान भी भक्त के जीवन के दुख दूर कर देते हैं। कथा के दौरान सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण के मिलन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

एसडीओपी ने सुरक्षा, यातायात एवं सीसीटीवी व्यवस्था को लेकर व्यापारियों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

दतिया, 14 मई। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत टाउन हॉल परिसर में अनुभाग दतिया, आकांक्षा जैन द्वारा व्यापारी वर्ग के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। व्यापारीगण द्वारा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शाम के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा यातायात संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया। इस उन्होने दतिया द्वारा आवश्यक सुझाव एवं समाधान बताए गए तथा आश्वस्त किया गया कि क्षेत्र में सतत एवं प्रभावी पेट्रोलिंग कराई जाएगी।

जनसंवाद के दौरान क्षेत्र के ऐसे डार्क स्पॉट भी चिन्हित किए गए,जहाँ अवैध शराब, जुआ एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों संबंधी शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। इन स्थानों पर योजनाबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में केवल समस्याओं पर चर्चा ही नहीं की गई, बल्कि उनके व्यावहारिक एवं स्थायी समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया। इस पहल से व्यापारी वर्ग एवं पुलिस प्रशासन के मध्य विश्वास एवं समन्वय में वृद्धि देखने को मिली। व्यापारीगण द्वारा पुलिस की सक्रियता एवं सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान एसडीओपी दतिया द्वारा च्ऑपरेशन तीन नेत्र च्च अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई।

उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर महंगे सीसीटीवी सिस्टम लगाना संभव नहीं है, वहाँ जनसहयोग एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से अभियान अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा सकते हैं। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया गया, जिससे क्षेत्र में प्रभावी निगरानी एवं अपराध नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

संगठन की गतिविधियां निरंतर चलती रहें : नायक

नवभारत न्यूज

दतिया, 14 मई। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक बसई ब्लॉक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेंद्र खरे के निवास पर कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि दशरथ सिंह गुर्जर ने संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा की।कार्यकर्ताओं को आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने और हल करने के लिए सक्रिय रहने की सलाह दी गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा जमीनी स्तर पर कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज केंद्र में भाजपा की सरकार होने के कारण देशभर में महंगाई भ्रष्टाचार पेट्रोल डीजल की कीमतें बड़ी है और आज हालत ऐसी बन गई है कि इतनी महंगाई के कारण गरीब लोगों के लिए आज एक वक्त की रोटी कमाना भी मुश्किल हो रहा है। घर के अगर पांच सदस्य हैं तो पांचों को आज काम करना पड़ेगा, तभी उनका गुजारा चल सकेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक ने कहा कि नगर,पंचायत और मंडल स्तर पर प्रत्येक माह बैठक होनी चाहिए ताकि संगठन की गतिविधियां निरंतर चलती रहें और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बना रहे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेंद्र नारायण खरे ने कहा कि कार्यकर्ता केवल बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाए इस अवसर परदतिया ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल यादव,रामकुमार मोंगिया, धर्वेंद्र चौबे, रोकी लोधी, मयंक ठाकुर, काले खान, विजय राम पटेल आशीष राजपूत प्रवेश यादव सोनू यादव, अंकुर श्रीवास्तव पुष्पेंद्र परिहार, राहुल साहू, सेटू पठान, माधव राजपूत आदि उपस्थित थे।

जनहित सत्याग्रह नौवें दिन भी जारी

उपसंचालक नगरीय प्रशासन ने सीएमओ को दिया कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 14 मई। सबलगढ़ नगर पालिका परिषद में नगर की बदहाल व्यवस्थाओं, मुख्य बाजार की वर्षों पुरानी समस्याओं, जल निकासी, अधूरे विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं को लेकर चल रहा शांतिपूर्ण जनहित सत्याग्रह आज नौवें दिन भी जारी रहा

जनहित सत्याग्रह के बीच ग्वालियर-चंबल संभाग के उप संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा नगर पालिका परिषद सबलगढ़ के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है नोटिस में तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वेतन वृद्धि रोकने एवं विभागीय कार्रवाई हेतु प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

सत्याग्रह पर बैठे पार्षदों मोहन रामजी लाल पचौरी आरोप लगाया कि लगातार नौ दिनों से आंदोलन जारी होने के बावजूद अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है केवल कुछ स्थानों पर औपचारिक सफाई कराकर समस्या के समाधान का दिखावा किया जा रहा है, जबकि मुख्य मुद्दे आज भी जस के तस बने हुए हैं

नगर की जनता वर्षों से टूटी सड़कों, गंदगी, जलभराव और अधूरे विकास कार्यों से परेशान है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि केवल सफाई अभियान चलाने के बजाय नगर की मूल समस्याओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए

आज सत्याग्रह में पार्षद सोनपाल सिंह, पार्षद कैलाश चंद भगत जी एवं पार्षद अशरफ खा भी शामिल रहे सभी ने एक स्वर में नगर की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई सत्याग्रह स्थल पर आज भी नागरिकों, व्यापारियों एवं महिलाओं का समर्थन देखने को मिला।

हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास

परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

नवभारत न्यूज

गोहद/ भिण्ड, 14 मई। बहुचर्चित हत्या प्रकरण में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, गोहद जिला भिण्ड ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह फैसला दिनांक 13 मई 2026 को सुनाया गया।

यह मामला थाना गोहद चौराहा के अपराध क्रमांक 48/2020 से संबंधित है, जिसमें अभियुक्त हरिओम जाटव (36 वर्ष), पिता कालीचरण जाटव एवं सौरव शर्मा (19 वर्ष), पिता अदल बिहारी शर्मा, दोनों निवासी ग्राम बिरखड़ी, को भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 एवं 34 भादवि के तहत दोषी पाया गया।

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कार्यालय, गोहद द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, फरियादी अमरीश शर्मा ने थाना गोहद चौराहा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता ओमप्रकाश शर्मा 27 फरवरी 2020 को मजदूरी की तलाश में ग्राम सोनी गए थे और वापस लौटकर ग्राम बिरखड़ी में नंदकिशोर शर्मा के घर के सामने बैठे थे। शाम करीब 6 बजे उन्हें हरिओम जाटव के साथ बातचीत करते देखा गया था।

रात लगभग 8:30 बजे सूचना मिली कि उनके पिता गणेशपुरा स्थित हनुमान मंदिर की टेकरी के पास रास्ते में घायल अवस्था में पड़े हैं। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि ओमप्रकाश शर्मा बेहोश थे तथा उनके सिर, बाएं हाथ और दोनों पैरों में गंभीर चोटों के निशान थे। तत्काल उन्हें गोहद अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान 28 फरवरी 2020 को उनकी मृत्यु हो गई।

सिंघवारी में लगा बिजली विभाग का शिविर, 50 शिकायतों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

मालनपुर 14 मई। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा चलाए जा रहे संपर्क अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम सिंघवारी में विद्युत समस्या निराकरण कैंप आयोजित किया गया। कैंप में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ी और अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए अधिकतर समस्याओं का हाथों-हाथ समाधान किया। कैंप का शुभारंभ कंपनी मुख्यालय भोपाल के मुख्य महाप्रबंधक ए.के. सक्सेना ने किया। इस दौरान मालनपुर संभाग के उप महाप्रबंधक हरीश मेहता, सहायक प्रबंधक आदित्य सिंहयादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कैंप में कुल 91 उपभोक्ता पहुंचे और 52 शिकायतें दर्ज कराई गईं। अधिकारियों ने 51 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया। साथ ही 3 नए कनेक्शन भी तत्काल जारी किए गए।

इन समस्याओं का हुआ समाधान: कैंप में बिल सुधार, सर्विस केबल मेंटेनेंस, मीटर बदलना, अनुमानित रीडिंग की दिक्कत, गलत बिल में सुधार, नवीन कनेक्शन, नाम में गड़बड़ी, लोड घटाना-बढ़ाना समेत सभी तरह की विद्युत संबंधी शिकायतें सुनी गईं और उनका निराकरण किया गया। सिंघवारी गांव के निवासी सुल्तान सिंह बघेल ने कहा कि ऐसे कैंप समय-समय पर जरूरी है जिससे ऑफिस में जाने की जरूरत नहीं है घर बैठे और गांव में ही समस्या का निराकरण हो रहा है ऐसे कैंप आयोजित होते रहना चाहिए , कैंप में तत्काल निराकरण की ग्राम वासियों ने सराहना की और बेहतरीन कदम बताया। इस अवसर पर कैंप में ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

1 साल तक चलेगा अभियान, महीने में 8 दिन कैंप: विद्युत अधिकारियों ने बताया कि संपर्क अभियान के तहत लगातार 1 वर्ष तक जगह-जगह कैंप आयोजित किए जाएंगे। हर महीने 8 दिन अलग-अलग ग्रामों में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी। अगला कैंप 16 मई को हरीराम का पुरा में:अभियान के तहत अगला कैंप 16 मई को ग्राम हरीराम का पुरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में लगाया जाएगा। अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कैंप में पहुंचकर अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण कराएं और योजना का लाभ लें।

मोदी की अपील पर भारी पड़ा शक्ति प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

गोहद, 14 मई। भाजपा में अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई करते हुए किसान मोर्चा भिंड के जिलाध्यक्ष सज्जन सिंह यादव को उनके पद से हटा दिया गया है। वजह बनी वह शक्ति प्रदर्शन वाली रैली, जिसमें सैकड़ों वाहनों का काफिला लेकर ग्वालियर से भिंड तक प्रदर्शन किया और यही प्रदर्शन अब उनकी राजनीतिक कुर्सी पर भारी पड़ गया।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा जारी आदेश में साफ कहा गया है कि 13 मई 2026 को सज्जन सिंह यादव के नेतृत्व में निकाली गई यह रैली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा बचत की अपील की सीधी अवहेलना है। प्रदेश संगठन ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए तत्काल प्रभाव से उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भाजपा नेतृत्व अब दिखावे और शक्ति प्रदर्शन की राजनीति पर सख्त रुख अपनाने के मूड में है। जिस काफिले के जरिए ताकत दिखाने की कोशिश की गई, वही अब राजनीतिक कमजोरी का कारण बन गया। पार्टी के अंदर यह कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखी जा रही है—चाहे कोई कितना भी बड़ा पदाधिकारी क्यों न हो, संगठन के अनुशासन और प्रधानमंत्री की सार्वजनिक अपील से ऊपर कोई नहीं। भिंड भाजपा में इस फैसले के बाद हलचल तेज हो गई है। समर्थकों में मायूसी है, जबकि विरोधी गुट इसे संगठनात्मक अनुशासन की जीत बता रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर है कि किसान मोर्चा भिंड की कमान किसे सौंपी जाएगी।